हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 6 मई 2025



06 नीट में शामिल हुए 1 हजार 712 अभ्यर्थी



07 तेज आंधी और हवा के कारण मोबाइल टावर गिरा, धूल के गुबार देखे गए






## समाचार संक्षेप

### वेदिका बुटीक के बाहर स्थित पार्टीशन की दीवार तोड़ी



**गुना।** श्री दुर्गा टॉकीज काम्प्लेक्स नई सड़क स्थित वेदिका बुटीक के बाहर स्थित पार्टीशन के लिए बनाई गई दीवार को अज्ञात लोगों ने तोड़ दिया । 2 मई की सुबह यह दीवार टूटी मिली । जिससे आसपास की दुकानदारों में दहशत फैल गई । दुकान की प्रोपराइटर गुना से बाहर गई हुई थी । जानकारी लगने पर थाने में आवेदन देकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है । आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में देखने पर आरोपी निश्चित ही पकड़ में आएंगे ।

### कोतवाली प्रभारी निरीक्षक भदौरिया हटाए गए, चंद्रप्रकाश को कमान

**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने गुना कोतवाली में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए निरीक्षक बृजमोहन सिंह भदौरिया को हटाकर पुलिस लाइन गुना में स्थानांतरित कर दिया है। उनके स्थान पर पुलिस लाइन से निरीक्षक चंद्रप्रकाश सिंह चौहान को गुना कोतवाली का नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह तबादला दो गंभीर मामलों में हुई लापरवाहियों के चलते किया गया है, जिसने कोतवाली की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए थे। सूत्रों के अनुसार निरीक्षक भदौरिया को लाइन हाजिर करने की कार्रवाई में दो प्रमुख घटनाएं प्रमुख वजह बनीं। पहली घटना अभ्युदय की मौत सेजुड़ी है, जिसमें पुलिस पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगे हैं। अभ्युदय की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में की गई विवेचना को लेकर सवाल उठे हैं। मामले में हाल ही में आई नई पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पूरे प्रकरण में नया मोड़ आया है, जिससे पहले की जांच पर संदेह गहराया है। उल्लेखनीय है कि इस केस में मृतक अभ्युदय की मां को हत्या के आरोप में जेल भेजा गया था, जहां वह पिछले ढाई महीने से अधिक समय से बंद है। अब पुलिस इस मामले में अंतिम रिपोर्ट (एफआर) लगाने की तैयारी कर रही है, जिससे यह संकेत मिलते हैं कि प्रारंभिक जांच में गंभीर चूक हुई है।दूसरी बड़ी चूक हनुमान जयंती के मौके पर निकाले गए जुलूस के दौरान हुई, जिसमें पथराव की घटना सामने आई थी। इस मामले में पुलिस की तैयारी और घटनास्थल पर मौजूदगी को लेकर कई सवाल उठाए गए। पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर स्थानीय लोगों और प्रशासनिक हलकों में असंतोष व्याप्त हुआ था। यहां तक कि इस मामले के बाद तत्कालीन एसपी को भी स्थानांतरित किया गया था, और अब कोतवाली प्रभारी पर भी कार्रवाई की गई है। इस पूरी कार्रवाई को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशासनिक सुधार और जिम्मेदार अधिकारियों की नियुक्ति के रूप में देखा जा रहा है। नए थाना प्रभारी चंद्रप्रकाश सिंह चौहान को अब कोतवाली की कमान सौंपी गई है। उन पर क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने और पिछले मामलों से पुलिस की साख को पुनः स्थापित करने की जिम्मेदारी होगी।

**अभ्युदय मौत मामले की गलत विवेचना और हनुमान जयंती पर लापरवाही बनी कार्रवाई का आधार**

### शादी सम्मेलनों में उखड़ गए टेंट, पेड़ गिरे बिजली गुल, जनजीवन अस्त-व्यस्त

# आधे घंटे की तेज आंधी और बारिश ने दिखा दिया प्रकृति का रौद्र रूप

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



जिले में पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। सोमवार को दोपहर आई तेज हवा, आंधी और बारिश के कारण आधे घंटे में ही जिलेभर में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक इसका व्यापक असर देखने को मिला। कई स्थानों पर पेड़ गिरने,टेंट उखड़ने बिजली आपूर्ति ठप होने और खासकर शादी समारोहों में व्यवस्थाएं गड़बड़ाने की खबरें सामने आई हैं। सबसे अधिक प्रभावित शादी समारोह और सामूहिक विवाह सम्मेलन हुए हैं, जहां खेतों में लगे टेंट और तंबू तेज आंधी में उखड़ गए।

मौसम के इस अप्रत्याशित बदलाव ने लोगों को कुछ हद तक गर्मी से राहत जरूर दी है, लेकिन इससे उपजे हालात ने जनजीवन को मुश्किल में डाल दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां बिजली गुल होने से समस्याएं बढ़ी हैं, वहीं शहरी क्षेत्रों में तेज हवाओं ने कई मकानों की छतों से टीन उड़ा दिए।

कई पेड़ सडक़ पर गिरने से आवागमन बाधित हुआ। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक इसी तरह की स्थिति बने रहने की चेतावनी दी है। नयागांव और ढोलबाज में पंडाल उड़ गए*ग्राम नयागांव और ढोलबाज में सोमवार को सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किए जा रहे थे। लेकिन दोपहर में आए तेज तूफान और बारिश ने समूची व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया। खुले खेतों में लगे पंडाल उड़ गए और भोजन सामग्री भीग गई। आयोजन समिति ने स्थिति को देखते हुए वर-वधू पक्षों से सीमित संख्या में ही सम्मेलन स्थल पर पहुंचने का आग्रह किया। वहीं जो दूल्हा-दुल्हन समय पर पहुंच गए थे, उनके ठहरने की वैकल्पिक व्यवस्था स्थानीय स्कूलों में की गई।

### गढ़ा गांव में तेज हवा से टेंट उड़ गया

इसके अलावा गढ़ा गांव में लोधा-लोधी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन भी खराब मौसम की चपेट में आ गया। यहां भी तेज हवा से टेंट उड़ गया और कार्यक्रम कुछ समय के लिए स्थगित करना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि व्यवस्थाएं दोबारा खड़ी करने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बारिश के चलते खेतों में पानी भर गया, जिससे लोगों को पहुंचने में भी कठिनाई हुई। हनुमान चौराहा क्षेत्र में जुलूस के स्वागत के लिए बनाया गया सजावटी द्वार तेज आंधी में गिर गया और कुछ समय तक वह हवा में झूलता रहा। गनीमत रही कि उस समय वहां से कोई राहगीर या वाहन नहीं गुजर रहा था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।शहर में हालात चिंताजनक रहे। कई घंटे तक बिजली गुल रही जिससे नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### मोबाइल टावर भी तेज हवा की चपेट में आकर गिर गया

नेगमा गांव में बीएसएनएल का मोबाइल टावर भी तेज हवा की चपेट में आकर गिर गया। बताया गया कि यह टावर सीधे 33 केवी की बिजली लाइन पर जा गिरा, जिससे बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। आसपास के ग्रामीणों को इस घटना से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन कुछ घरों को मामूली नुकसान जरूर पहुंचा है। वहीं संकट मोचन हनुमान मंदिर बरवटपुरा में आंधी तूफ़ान के कारण महाराज का आशियाना गिर गया। जबकि कर्नलगंज क्षेत्र में हाजी चौक पर भी एक पेड़ बिजली तारों पर गिर गया।

### 100 वर्ष पुराना इमली का पेड़ मकान पर जा गिरा

शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी मौसम की करवट के चलते बड़ा नुकसान हुआ है। मधुसूदनगढ़ शहर टाऊन फीडर की सप्लाई बंद हो गई।यहां मंडी के पीछे तेज हवा के कारण लाइन पर पेड़ गिरने से 3 नंबर पोल टूटने के कारण पोल सही होने के बाद सप्लाई चालू हो सकी। सिलावटी गांव से भी एक बड़ी घटना सामने आई, जहां तेज आंधी के कारण लगभग 100 वर्ष पुराना इमली का पेड़ एक मकान पर गिर गया। गनीमत रही कि घर में कोई मौजूद नहीं था, जिससे किसी की जान नहीं गई। लेकिन मकान को नुकसान काफी हुआ है।

### बारिश के साथ तापमान में भी गिरावट दर्ज

तेज आंधी और बारिश के साथ तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार जिले में 1 मई को अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस था, जो लगातार गिरते हुए 4 मई को 37.3 डिग्री और रविवार-सोमवार की रात 23.5 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं न्यूनतम तापमान भी 21 डिग्री तक आ गया है।

# नामांतरण की कोई भी पेंडेसी नहीं : नपाध्यक्ष

**नामांतरण की प्रक्रिया में किसी दलाल अथवा बिचौलियों को न लाएं**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना





नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि विगत 24 मार्च से के पश्चात से 22 अप्रेल तक तक लगभग 1578 नामांतरण (जिन प्रकरणों में कमियां हैं,उन्हें छोडकर ) के प्रकरण स्वीकृत कर दिए गए हैं। जिन्हें हितग्राही कार्यालय की राजस्व शाखा से अपने नामांतरण की सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

वर्तमान में अध्यक्ष के स्तर पर किसी प्रकार के पेंडेंसी नहीं है। श्रीमती गुप्ता ने बताया कि बिगत दिसंबर माह में तत्कालीन कलेक्टर द्वारा नामांतरण प्रकरण में रोक के बाद विगत मार्च माह में हुई बैठक में अध्यक्ष को अधिकार दिए गए हैं,तत्समय नगर पालिका में 1200 नामांतरण प्रकरण पेंडिंग थे। नामांतरण में किसी प्रकार की पेंडेंसी वर्तमान में नहीं है, उन्होंने बताया कि अब जो भी प्रकरण आ रहे हैं उन्हें कर्मचारियों द्वारा निरीक्षण के पश्चात तत्काल स्वीकृत किया जा रहा है। उन्होंने नगर वासियों से अनुरोध किया कि यदि नामांतरण की प्रक्रिया में कोई दलाल या बिचौलिया पैसे की मांग करता है ,तो हितग्राही सीधे मुझे सूचित कर सकते हैं। उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नामांतरण की प्रक्रिया में किसी प्रकार के दलाल अथवा बिचौलियों को न लाएं, स्वयं आकर अपने प्रकरणों की जानकारी ले, यदि किसी प्रकार की परेशानी है तो मुझे अवगत करा सकते हैं।इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास बीएलसी योजना (कुटी) के प्रकरणों की नजर पालिका द्वारा जांच कराई जा रही है इस हेतु नगर पालिका के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है । उन्होंने बीएलसी योजना के हितग्राहियों से अनुरोध किया है कि वह किसी को पैसे देकर अपनी कुटी स्वीकृत न कराएं, न ही दलाली एवं बिचौलियों के चक्कर में पड़े। यह माननीय प्रधानमंत्री द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए घर बनवाए जा रहे हैं, यह पूरी राशि आप लोगों के घर बनवाने के लिए है न कि दलालों को या कर्मचारियों को पैसे बांटने के लिए ।आप पूरी राशि का उपयोग कर अपने सपनों का घर बनाएं, किसी भी कर्मचारी या दलाल को पैसे न दें।

इसी प्रकार नगर पालिका द्वारा संचालित जन कल्याण कारी योजनाओं जैसे श्रम पंजीयन, संबल आदि में पैसे का लेन देन न करें,यह शासन द्वारा निशुल्क हैं। इसके आलावा जन्म-मृत्यु आदि योजना में भी निर्धारित शुल्क के अलावा कोई राशि न दें। यदि कोई पैसे मांगता पाया जाता है तो उसकी सूचना /रिकॉर्डिंग कर हमें अवगत कराएं, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। अध्यक्ष के मोबाइल नं पर सूचित कर सकते हैं।

## शासकीय पेंशनर व सेवानिवृत कर्मचारी संघ जिला की मासिक बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शासकीय पेंशनर एवं सेवानिवृत कर्मचारी संघ जिला गुना की मासिक बैठक में उपस्थित सभी कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्य एवं अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक में निर्णय लिए गए सर्वसम्मति से नंदिनी गौशाला पंचमुखी मंदिर पर पेंशनर साथियों के द्वारा गौ सेवा का कार्यक्रम प्रातः 10 बजे निर्धारित किया गया है । पेंशनर पार्क को और अति सुंदर एवं पर्यावरण पार्क बनाने हेतु सर्व समिति से निर्णय लिया गया है । जिसमें पेंशनर के सहयोग से श्रमदान एवं साफ सफाई अभियान निरंतर अर्थात प्रतिदिन क्रियान्वयन करने हेतु संकल्प लिया गया। साथ ही गंगाजल संवर्धन योजना एवं गुना स्थानीय स्तर पर प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद गुना को स्वच्छता अभियान में पूर्ण सहयोग पेंशनर सहयोग देगा । इसका भी संकल्प किया गया । अध्यक्ष द्वारा बताया गया 37 वार्ड में प्रत्येक वार्ड में पेंशनर एवं सीनियर सिटीजन निवास करते हैं यदि प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद जिम्मेदारी या मॉनिटरिंग करने हेतु अधिकृत करते हैं तो पेंशनर प्रत्येक वार्ड में अपना दायित्व समझकर सहयोग प्रदान करेगा । जैसा कि पूर्व में तत्कालीन कलेक्टर लक्षाकार कलेक्टर द्वारा अध्यक्ष को अधिकृत किया गया था और शिक्षा विभाग का दायित्व का निर्वहन किया गया था । प्रत्येक स्कूल में जाकर जागरूकता के लिए प्रेरित किया गया था । पेंशनर पार्क को और अति सुंदर बनाने हेतु पेंशनरों से सहयोग की अपेक्षा की गई है । भविष्य में पेंशनर डे पर प्रादेशिक स्तर पर विभिन्न जिलों से अध्यक्ष सचिव को आमंत्रित किया जाएगा और इस बार पेंशनर पार्क में ही कार्यक्रम निर्धारित किया गया है । जैनेंद्र जैन सचिव द्वारा संचालन किया गया था एवं आभार कमलेश श्रीवास्तव उपाध्यक्ष द्वारा किया गया एवं अनिरुद्ध सिंह सेंगर उपाध्यक्ष द्वारा साहित्यिक गतिविधि के बारे में विस्तृत चर्चा की गई एवं प्रादेशिक स्तर पर सम्मेलन करने की सहमति भी दी गई प्रादेशिक स्तर पर संयोजक के रूप में अध्यक्ष द्वारा संपूर्ण प्रक्रिया का उत्तरदायित्व दिया गया है।







**बंधक बनाए गए 16 व्यक्तियों को घरों, खेतों, ढाबों, ईंट भट्टों, और दुकानों से शुक्रवार को कराया था मुक्त**

# घर वापसी शिविर में आधा सैकड़ा बंधुआ मजदूरों ने कराई आमद दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



चाचौड़ा बीनागंज क्षेत्र से बंधुआ मजदूर विक्षिप्त लोगों को उनके घरों तक पहुंचाने के लिए दो दिन पहले जहां धरपकड़ अभियान चलाकर 16 बंधुआ मजदूरों को प्रशासन ने छुड़ाया था, वहीं क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए मजदूरों की घर वापसी के लिए एक शिविर लगाया है। जिसमें समाचार लिखे जाने तक आधा सैकड़ा के करीब मजदूर पहुंच चुके थे और उनके आने का सिलसिला जारी था।

चाचौड़ा क्षेत्र में शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बंधक बनाए गए 16 व्यक्तियों को घरों, खेतों, ढाबों, ईट भट्टों, और दुकानों से मुक्त कराया गया था। इसके साथ ही 12 लोगों को आरोपी बनाकर विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। इनमें से 11 आरोपियों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है तथा उनके शस्त्र लाइसेंस भी निरस्त किए जा रहे हैं। लेकिन इसके बाद भी क्षेत्र में कई ऐसे गरीब असहाय मजदूरों की होने की शिकायत मिल रही थी। जिसके बाद कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश पर एसडीएम चाचौड़ा रवि मालवीय के नेतृत्व में बीनागंज चौकी में घर वापसी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चार दर्जन से अधिक मजदूरों को वे लोग खुदवा खुद छोड़ गए जिन्होंने उन्हें अब तक बंधुआ बना कर रखा था। शासन ने एक दिन पहले अनुरोध किया था कि जो लोग अपने घरों, खेतों या व्यावसायिक स्थलों पर अवैध रूप से लोगों को रख रहे हैं या श्रम करवा रहे हैं, उन्हें तुरंत प्रशासन को सौंप दें।

इससे उन असहाय लोगों का उचित इलाज हो सकेगा और उन्हें उनके परिजनों तक पहुंचाया जाएगा। प्रशासन की कार्रवाई और अपील रंग लाई और आज लोग मजदूरों को स्वयं शिविर में लाकर छोड़ गए। शिविर में डाक्टरों ने सभी मजदूरों का चेक अप किया।इनमें से कुछ लोग अपने नाम बता पाए तो कुछ के नाम पते की जानकारी नहीं मिली। शिविर में लाकर छोड़े गए मजदूरों में रवि, सोनू, शंकर बंगलूरू, प्रीतम सिंह अहिरवार भोपाल, राजेन्द्र पासवान बिहान, सागर माढ़ महाराष्ट्र सोलाहपुर, शिवा लोहार पटना, सहदेव उप्र, तुलसीदास बैतूल, सुभाष हरिजन ओडीसा, जगमोहन, रामनायक आंध्रप्रदेश, सुंदरलाल खंडवा, अली हुसैन कर्नाटक सहित अन्य लोग भी शामिल हैं जो अपनी पहचान नहीं बता पाए। इनमें से कुछ अपने नाम तो कुछ अपने पते नहीं बता सके।बंधुआ मजदूरों में कई उच्च शिक्षित भी हैं। सभी मजदूरों से उनकी जानकारी ली जा रही है।

जिनके भी नाम पते मिल रहे हैं, उनके परिजनों से संपर्क साधकर उन्हें उनके परिवार के पास पहुंचाया जाएगा। जिनके नाम पते नहीं मिल पा रहे हैं, उनके परिवार को खोजने की कार्रवाई भी होगी।शिविर में जिला श्रम अधिकारी आशीष तिवारी, तहसीलदार मयंक खेमरिया, नायब तहसीलदार शुभम कुमार जैन, सहित नगर परिषद के कर्मचारी मौजूद रहे है।

## सपनों की परीक्षा, सख्त पहरा, स्मार्ट घड़ी और मोबाइल की सख्त मनाही

# नीट में शामिल हुए 1 हजार 712 अभ्यर्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

देशभर के लाखों युवाओं की जिंदगी और करियर तय करने वाली नीट परीक्षा रविवार को दोपहर 2 बजे शुरू हुई। गुना जिले में इसे लेकर खासा सतर्कता और सुरक्षा व्यवस्था देखने को मिली। शहर के चार परीक्षा केंद्रों पर दोपहर से पहले ही परीक्षार्थियों की हलचल शुरू हो गई थी। प्रवेश प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों को कई स्तरों पर जांच से गुजरना पड़ा। परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावक अपने बच्चों के लिए चिंतित नजर आए, तो भीतर सन्नाटा और निगरानी का माहौल रहा। शहर के उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक 2, केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय बजरंगगढ़ में परीक्षा आयोजित की गई।



### चप्पल-जूते भी बाहर, स्मार्ट घड़ी और मोबाइल की सख्त मनाही

परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए इस बार सुरक्षा मानकों को बेहद कड़ा रखा गया। अभ्यर्थियों को केंद्र के भीतर ले जाने से पहले उनके जूते-चप्पल, बेल्ट, चश्मे और यहां तक कि पेन तक की जांच की गई। स्मार्ट घड़ी, ब्लूटूथ डिवाइस, मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, किताबें और नोट्स पर पूरी तरह रोक थी। केवल जरूरतमंद विद्यार्थियों को नंबर वाला चश्मा पहनने की अनुमति दी गई। प्रवेश द्वार पर एक-एक अभ्यर्थी की गहन तलाशी ली गई और फिर हॉल में भेजा गया। परीक्षा शुरू होने से पहले हर कक्ष में कड़े निर्देश दोहराए गए और अनुशासन बनाए रखने की अपील की गई। गुना में कलेक्टर और एसपी के निर्देश पर पहले से ही तैयारी की जा रही थी। परीक्षा शुरू होने से पहले ही प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस बल और शिक्षा विभाग की टीमें केंद्रों पर पहुंच चुकी थीं।

हर केंद्र पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी और केंद्र प्रभारी निगरानी करते रहे। परीक्षा के दौरान एसडीएम स्तर के अधिकारी भी निरीक्षण करते रहे। साथ ही शिक्षा विभाग के पर्यवेक्षक और नोडल अधिकारी कक्षों में जाकर निगरानी करते रहे। हर केंद्र में केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष ने नियमित रूप से व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

### 1,712 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

गुना जिले के चार केंद्रों पर कुल 1,712 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल में 456, हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक 2 में 456, केंद्रीय विद्यालय में 344 और नवोदय विद्यालय बजरंगगढ़ में 456 अभ्यर्थी पंजीकृत ।

## संक्षेप समाचार

### शासकीय पेंशनर व सेवा निवृत्ति कर्मचारी संघ जिला ने की नवागत एसपी से भेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शासकीय पेंशनर एवं सेवा निवृत्ति कर्मचारी संघ जिला गुना कार्यक्षेत्र मध्य प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम श्रीवास्तव के नेतृत्व में नवागत पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी गुना से मुलाकात कर पारिजात पत्रिका भेंट की गई एवंपेशनर पार्क में आमंत्रित आने हेतु निवेदन किया गया। जैनेंद्र जैन सचिव कैलाश नारायण बंसल कोषाध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव उपाध्यक्ष एवं हरिओम श्रीवास्तव संयुक्त सचिव मुलाकात करते समय उपस्थित हुए। श्री श्रीवास्तव अध्यक्ष द्वारा पेंशनर पार्क में सीसीटी कैमरा का मांग पत्र लगाने हेतु पत्र के माध्यम से निवेदन किया गया है। अंकित सोनी पुलिस अधीक्षक गुना द्वारा पेंशनर पार्क में आने की अनुमति प्रदान कर दी है एवं सीसीटीवी कैमरा भी लगाने हेतु आश्वासन दिया गया है।

### जाति जनगणना पर सिविल सोसायटी की गोष्ठी सम्पन्न, वक्ताओं ने जताई सावधानी और पारदर्शिता की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

भारत में जाति का सवाल विषय पर एक विचारगोष्ठी रविवार को सिविल सोसायटी द्वारा स्मृति वन में आयोजित की गई, जिसमें वक्ताओं ने जाति जनगणना को सामाजिक न्याय का आधार बताते हुए इससे जुड़ी सावधानियों और संभावित खतरों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत तालाब की सामूहिक सफाई के साथ की गई। गोष्ठी में बोलते हुए पुष्पराग शर्मा ने कहा कि हमारा लक्ष्य जातिविहीन समाज का निर्माण और वंचित वर्गों को उनका हक दिलाना होना चाहिए, न कि जातिवाद को बढ़ावा देना। उन्होंने कहा कि 1931 के आंकड़ों के आधार पर चल रही नीतियां अब अप्रासंगिक हो चुकी हैं। जातिगत जनगणना यदि सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का हिस्सा बनकर पारदर्शिता और गोपनीयता के साथ की जाए, तो यह एक क्रांतिकारी कदम साबित हो सकता है। लेकिन यदि इसका उपयोग महज राजनीतिक फायदे के लिए किया गया, तो यह सामाजिक तनाव को जन्म देगा। वहीं कौन जात हो भाई? विषय पर बोलते हुए लोकेश शर्मा ने कहा कि भारत में जातियों की संख्या और संरचना अत्यंत जटिल है। गलत वर्गीकरण और आंकड़ों की अशुद्धता का खतरा हमेशा बना रहता है। उन्होंने चेताया कि राजनीतिक दल इस डेटा का इस्तेमाल वोट बैंक के लिए कर सकते हैं, जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ सकता है। प्रेमी राठौर ने जाति जनगणना को नीति निर्धारण के लिए उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इससे शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे क्षेत्रों में पिछड़े वर्गों की वास्तविक स्थिति का पता चल सकेगा और कल्याणकारी योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। गोष्ठी में पूर्व बैंकर हरिओम शर्मा ने जाति जनगणना को बेरोजगारी और आरक्षण के संदर्भ में जोड़ा, जबकि रघुवीर यादव ने 1931 से अब तक बढ़ी जनसंख्या को इसका आधार बताते हुए नई गणना की जरूरत जताई। कार्यक्रम का संचालन मास्टर अजय ने किया और आभार प्रदर्शन खुशहाल धनोरिया ने किया।

## एसएफआई का आठवां जिला सम्मेलन संपन्न, नई कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



छात्र संगठन स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) का आठवां जिला सम्मेलन एनएफएल पालिका बाजार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता हर्षवर्धन सैनी ने की जबकि सम्मेलन का उद्घाटन एसएफआई के प्रदेश महासचिव अजय तिवारी द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति की आलोचना करते हुए इसे गरीब व मध्यम वर्गीय छात्रों को शिक्षा से दूर करने की साजिश बताया। तिवारी ने कहा कि इस नीति के चलते लाखों सरकारी स्कूल बंद किए जा रहे हैं और निजी संस्थानों को बढ़ावा मिल रहा है, जिससे शिक्षा व्यापारीकरण की दिशा में जा रही है। उन्होंने बताया कि एसएफआई देशभर में इस नीति के खिलाफ आंदोलन कर रहा है और सभी छात्रों को निशुल्क एवं समान शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से संघर्षरत है। सम्मेलन में एनएफएल यूनियन सीटू के कोषाध्यक्ष सुघर सिंह बैस, डीवाईएफआई के जिला संयोजक सोनू साहू और सीटू के जिला सचिव जहूर खान ने भी अपने विचार रखे और एसएफआई को शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के अंत में एसएफआई की नई जिला कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। रेहान खान को जिला अध्यक्ष चुना गया जबकि राजा प्रजापति, अरुण कुशवाह और राहुल को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। हर्षवर्धन सैनी को महासचिव बनाया गया। सह सचिव पद पर आनंद, रिजवान और नाज़ बानो का चयन हुआ। शिफा खान को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा नितिन रजक, रोहित, आशीष, अफान, मेहफूज खान, जहीर खान, विशाल और जुबेर खान कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए।

सम्मेलन के दौरान जिले भर से आए छात्र प्रतिनिधियों ने अपनी भागीदारी दर्ज की और संगठन की आगामी रणनीतियों पर चर्चा की। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी ने मिलकर छात्र हितों के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## सेवा भारती ने मनाया संस्थापक विष्णु कुमार का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

सेवा भारती के संस्थापक विष्णु कुमार का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास से सेवा कार्य करते हुए और आगामी 7 और 8मई को थैलीसीमिया के रोगीयो के रक्तदान उपचार व थैलीसीमिया की रोकथाम के लिए जनजागरण के संकल्प के साथ मनाया गया।

सर्वप्रथम सेवा भारती के अन्नपूर्णा भोजनालय में विष्णु जी की फोटो पर दीप प्रज्वलन व पुष्पमाला पहनाकर रोगी परिजनों को भोजन करवाकर किया।उक्त अवसर पर सेवा भारती परिवार और मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा गुना ने सेवा भारती अन्नपूर्णा भोजनालय पर संयुक्त मीटिंग रखी गई जिसमें विश्व थैलीसीमिया दिवस पर थैलीसीमिया की पहचान व निदान व सावधानी हेतु रेडक्रॉस गुना के सहयोग से 8 मई को जिला चिकित्सालय प्रांगण में शिविर लगाया जाएगा साथ ही थैलीसीमिया से ग्रसित रोगियों को रक्त उपलब्ध कराने हेतु रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा। थैलेसिमिया के रोगियों की आर्थिक मदद करने के लिए थैलीसीमिया मित्र भी बनाए जाएंगे। इस अवसर पर थैलीसीमिया की पहचान, निदान व सावधानी पर उपस्थित डॉ आराधना विजयवर्गीय मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं साथ ही डॉ रामवीर रघुवंशी सेवा भारती अध्यक्ष, डॉ एम एल मंगल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।इस अवसर पर निर्णय लिया गया थैलीसीमिया से बचने हेतु किशोर बालक बालिकाओं का रक्त परीक्षण 8 मई को कराया जाएगा ताकि भविष्य में थैलीसीमिया की रोकथाम की जा सके।इस अवसर पर सेवा भारती के अध्यक्ष डॉ रामवीर सिंह रघुवंशी जिला सचिव अखिलेश विजयवर्गीय, जिला सेवा प्रमुख ओमपाल परमार,नागर अध्यक्ष सुनील पांडेय उपस्थित रहे।मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा गुना की तरफ से प्रांतीय प्रमुख ऊषा हरि विजयवर्गीय, अध्यक्ष श्रीमती बंसल, सचिव नीलम मंगल, ललिता तायल, अलका बिंदल, शशि खंडेलवाल, अंजना सिंघल, ऊषा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। मारवाड़ी महिला सम्मेलन द्वारा मुख्य वक्ता डॉ अराधना विजयवर्गीय और डॉ रामवीर सिंह रघुवंशी का पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार व्यक्त किया गया।




## चलती मालगाड़ी के पहिए में आग की सूचना के बाद मुंगावली की दमकल आग बुझाने पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बीना-गुना रेलखण्ड के मुंगावली स्टेशन से कोयले से भरी मालगाड़ी जब अशोकनगर की ओर आ रही थी तभी मुंगावली स्टेशन के आउटर पर एक डिब्बे में आग की लपटें देखी गईं जिसके बाद मुंगावली के स्टेशन मास्टर एमके गोयल द्वारा नगरपरिषद मुंगावली को सूचित किया गया मुंगावली की दमकल मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम किया गया। ये आग लगने की घटना सुबह 6:38 बजे की होना बताई गई है यह कोयले से भरी मालगाड़ी जब मुंगावली की ओर आ रही थी तभी माल वाहक ट्रेन एक डिब्बे में आग देखी गई जिसकी सूचना ट्रेन के चालक द्वारा मुंगावली स्टेशन पर दी गई और वहां से स्टेशन मास्टर को सूचना भेजी गई जिसके बाद यह आग बुझाने की कार्यवाही की गई। गर्मी के इस मौसम में कईं बार ऐसा होता है कि आग लगने के मामले सामने आते हैं इस घटना में तत्काल आग पर काबू पा लिया गया और बाद में ट्रेन को अपने गंतव्य के लिए रवान किया गया।



### अज्ञात चोर बाईक और मोबाइल चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत रसीद कॉलोनी गुना निवासी रंजीत अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अशोकनगर में माता मंदिर के पास से कोई अज्ञात आरोपी उसकी बाईक जिसका नम्बर एमपी08जेडई0402 तथा वीवो कंपनी का मोबाइल चोरी कर ले गया पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है।

## नेशनल लोक अदालत के प्रचार हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

10 मई 2025 को जिला न्यायालय अशोकनगर तथा तहसील न्यायालय, चंदेरी, मुंगावली एवं ईसागढ़ में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसके व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर सतीश चन्द्र शर्मा द्वारा सोमवार को जिला न्यायालय परिसर अशोकनगर से प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। बताया कि उक्त प्रचार वाहन के माध्यम से आमजन को नेशनल लोक अदालत के बारे में जागरूक किया जावेगा। ऐसे पक्षकार जिनके मामले न्यायालयों में लंबित हैं या ऐसी परिस्थिति निर्मित है, जो भविष्य में न्यायालय में जाने का विषय बन सकती है, दोनों ही परिस्थितियों में पक्षकार स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर या तहसील विधिक सेवा समिति चंदेरी, मुंगावली एवं ईसागढ़ न्यायालय में संपर्क कर अपने मामलों का निराकरण करा सकते हैं, जिससे दोनों पक्षों में उत्पन्न वैमनस्यता समाप्त हो जाती है और दोनों पक्षकारों की जीत होती है। प्री-लिटिगेशन स्तर पर रखे जाने वाले मामलों में कोर्ट फीस नहीं लगती है तथा लंबित मामलों में पूर्व में दी गई कोर्ट फीस वापस हो जाती है। उक्त कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश संजीव सिंघल, जिला न्यायाधीश राकेश कुमार पाटीदार, जिला न्यायाधीश उपदेश कुमार राठौर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट किरण तूमराची धुर्वे, सचिव मनीष अनुरागी, न्यायाधीश हर्षिता शर्मा गौड़, न्यायाधीश सोनल गुप्ता, न्यायाधीश गौरी सक्सेना, न्यायाधीश ध्रुव अग्रवाल, न्यायाधीश प्रिया चैहान, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा एवं लीगल एड डिफेंस काउंसल के अधिवक्तागण उपस्थित रहे।



## सिंथेटिक और मिलावटी खोया, दूध, दही, पनीर बिगाड़ रहे सेहत

# सिर्फ मिष्ठान भंडार और किराना दुकानों से सैंपल कलेक्ट करने से तो नहीं लगेगी नक्कालों पर लगाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

खाद्य (औषधि) विभाग नागरिकों को मिलावटी और दूषित खाद्य पदार्थ खाने से रोकने के लिए हलवाइयों की दुकानों पर तो मिठाइयों के सैंपल भरने या किराना की दुकान से दाल, तेल, मसालों के सेंपल कलेक्ट करता दिख जाएगा और इस कारवाई के फ़ोटो खिंचवाकर उसे अख़बारों में छपवाकर अपने कर्तव्य की इतिश्री भी कर रहा है लेकिन शहर की उन डेयरियों और फैक्ट्रियों पर नज़र उठाकर भी नहीं देखता जहां सिंथेटिक और मिलावटी दूध और उससे बना खोया, दही, पनीर इत्यादि बनाया जा रहा है। खास बात यह है कि यह सिंथेटिक और मिलावटी खाद्य पदार्थ के व्यापारी सहलग के सीजन में अधिक सक्रिय हो जाते हैं और ऐसे में प्रशासन द्वारा अलाली दिखाने का मतलब इन मिलावट खोरों को लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने के लिए खुली छूट देना पर है।

मिल रही जानकारी के अनुसार कराहल विकासखंड के दूरदराज कई गांवों में इस तरह नकली दूध बनाने का काम खूब किया जाता रहा है। कृत्रिम रूप से दूध एवं पनीर, खोया तैयार करने वाले यह मुनाफाखोर सहालग के सीजन में ही सक्रिय होते हैं यहां से बड़ी संख्या में यूरिया से दूध बनाकर और उससे पनीर, खोया तैयार कर सस्ते दामों में बाहर सप्लाई किया जा रहा है। है। इसकी बानगी दो साल पहले विजयपुर के इकलौद गांव में तब देखने को मिली थी जब तत्कालीन कलेक्टर ने खुद छापामार कार्रवाई करते हुए तीन फैक्ट्रियां पकड़ी थी जहां सिंथेटिक दूध खोया, पनीर पकड़े गए थे। सिर्फ विजयपुर का एक लोग गांव ही ऐसा नहीं है जहां पर इस तरह के नकली दूध और उससे दूसरे पदार्थ खाद्य पदार्थ तैयार किए जाते हैं वनांचल में भी नक्काल मिलावटी खोया पनीर बनाकर खपा रहे हैं। कई बार शहर की डेयरियों पर भी इस तरह के नकली खाद्य पदार्थ तैयार होते मिले हैं कलेक्ट्रेट के पास दूध डेरी पर की गई छाप कार्रवाई में भी नकली दूध और उससे बने पदार्थ को जप्त करने का काम किया गया था।




### ऐसे तैयार होता है यूरिया से नकली दूध

एक लीटर दूध में पांच लीटर पानी फिर एक लीटर रिफायंड डालकर इसे अच्छे से चलाया जाता है पूरी तरह फेट लेने के बाद इसमें 15 लीटर पानी और डालकर जरूरत अनुसार युरिया डालते हैं। मिठास के लिए पिसी चीनी मिलाई जाती है। एक लीटर दूध में 20 लीटर सिंथेटिक दूध तैयार हो जाता है। यूरिया से बने इस जहरीले दूध की पहचान करना बहुत मुश्किल है। आश्चर्य की बात यह है कि इस सिंथेटिक दूध से खोया और पनीर बनाने का काम भी उसी तरह किया जाता है जैसे गाय भैंस के दूध से किया जाता है। कई जगह तो इस नकली दूध से घी निकालने का काम भी हो रहा है जो इन नक्कालों के माध्यम से घर घर पहुंचकर बीमारियां उपहार में दे रहा है।

### शादी ब्याह के सीजन में होते हैं सक्रिय

जो नकली दूध दही, मावा, पनीर तैयार किया जाता है उसे शादी ब्याह के सीजन में खपाना आसान होता है। शादी ब्याह में बनने वाले भोजन में यह नकली ओर मिलावटी खाद्य पदार्थ उपयोग किया जा रहा है। दूध की एक बूंद भी डाले बिना दूध बनाने और फिर उससे खोया और पनीर तैयार करने की इस विधि में पारंगत यह नक्काल इस तरह हूबहू खोया और पनीर तैयार करते हैं कि अच्छे अच्छे भी इसकी परख नही कर सकते। व्याह शादी में खाए जाने वाला गुलाब जामुन, बर्फी और सब्जी के विकल्प के रूप में तैयार किया गया दही से बना रायता भी इसी नकली और जहरीले प्रोडक्ट का हिस्सा होता है। जिसे लोग खूब चाब से खाते हैं और बाद में गंभीर बीमारियां शरीर में गृहण करते हैं।

### इनका कहना है...

लोग दूषित पदार्थ खाकर बीमार न पड़े इसलिए पूरे जिले में सतत मॉनिटरिंग करने के साथ सैंपल भरे जा रहे हैं। अगर ऐसी कोई डेयरी या स्थान है जहां नकली या मिलावटी खाद्य पदार्थ तैयार किए जा रहे हैं तो उसकी सूचना दें हम छापा मार करवाई कर संबंधितों पर कार्रवाई करवाएंगे।

**डॉ डीएस सिकरवार**
**सीएमएचओ श्योपुर**

## 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक आयोजित की गई

**अशोकनगर।** सोमवार को नेशनल लोक अदालत के आयोजन को लेकर जिला न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में न्यायाधीशों के साथ एक बैठक आयोजित की गई । बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष सतीष चन्द्र शर्मा द्वारा समस्त न्यायाधीशगण को निर्देषित किया गया कि नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों में नोटिस जारी कर पक्षकारों के साथ मध्यस्थता करने तथा एम.ए.सी.टी. अधिवक्ताओं एवं अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करें, जिससे उक्त लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का आपसी सहमति के आधार पर प्रकरणों का निराकरण कराया जा सके। नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिवक्तागण के साथ बैठक प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीष चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में व जिला न्यायाधीश संजीव सिंघल, सचिव मनीष अनुरागी, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुषवाहा, सचिव अधिवक्ता संघ रामनिवास शर्मा एवं समस्त अधिवक्तागण की उपस्थिति में एडीआर सेंटर, अशोकनगर में बैठक आयोजित की गई। जिसमें उनके द्वारा अधिवक्तागण से लोक अदालत में अपना सहयोग देते हुए अधिक से अधिक मामले निराकृत कराने की अपील की गईं।

## कायस्थ समाज ने भगवान चित्रगुप्त का प्रकट दिवस मनाया



**अशोकनगर।** रविवार को शहर के कायस्थ समाज द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज का प्रकट दिवस पूरे उत्साह एवं उमंग से मनाया गया। शाम 4:00 बजे स्थानीय चित्रगुप्त मंदिर परिसर को आकर्षक लाईट एवं रंगीन गमछों आदि से सजाया गया। भगवान की विधिवत पूजन कराई गई, तदोपरांत समाज की 3 महिलाओं सुधा श्रीवास्तव, ज्योति माथुर एवं ज्योति श्रीवास्तव द्वारा संगीतमय धुन पर सुंदरकाण्ड का पाठ कराया गया। सुंदरकाण्ड उपरांत हवन तथा भगवान की महा आरती की गई। इसके पश्चात जिलाध्यक्ष प्रियकांत माथुर व बृजेश श्रीवास्तव द्वारा समस्त उपस्थित जन समुदाय को मंदिर निर्माण के लिए प्रोत्साहन स्वरूप उदवोधन दिया। अंत में सभी नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा गीत, कहानी, कविता का वाचन किया गया व कुछ बालिकाओं ने नृत्य की प्रस्तुती दी। कार्यक्रम का संचालन ज्योति माथुर ने किया। अंत में सभी बच्चों को पुरूस्कार प्रदान किए गए एवं प्रसाद वितरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### बाईक से गाय टकराई युवक घायल

**अशोकनगर।** कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम बरोदिया निवासी भैया पुत्र प्रताप सिंह उम्र 33 वर्ष को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अपस्ताल लाया गया है। जहां उपचार करा रहे घायल ने बताया कि उसने ऑनलाईन दवाईया भोपाल से मंगाई थी जो अथाईखेड़ा आईं थी वह बाईक से अथाईखेड़ा गया जब वह दवाई लेकर अपने गांव वापिस आ रहा था। तभी गाय को बचाते समय वह बाईक से टकरा गई जिससे उसे चोटे आई हैं इस दौरान उसका पैर फैक्चर बताया जा रहा है।

### बाईक फिसले से युवक घायल

**अशोकनगर।** ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम मैनपुर निवासी दीपक पुत्र हरिओम रघुवंशी को घायल अवस्था में उपचार के जिला अस्पताल लाया गया है। जहां घायल ने बताया कि वह बाजार से अपने गांव वापिस जा रहा था। तभी सड़क पर बाईक फिसलने से उसे चोटे आई हैं।

### तेज हवा से बाईक फिसली युवक घायल

**अशोकनगर।** देहात थाने के अतंर्गत ग्राम आमखेड़ा निवासी गौरव पुत्र गोपालसिंह कुशवाह को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है जहां परिवार जनों ने बताया कि युवक बाईक से बाजार आया था और वह वापिस अपने गांव जा रहा था तभी ग्राम भेटुआ के समीप तेज हवा चलने से बाईक फिसल गई जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

### सीने में दर्द की शिकायत के बाद ग्रंथी की मौत

**अशोकनगर।** पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम गरेंठी गुरूद्वारा में एक वर्ष से 75 वर्षीय ग्रंथी जगदीश सिंह सिक्ख पूजा-पाठ कर रहे थे रविवार को देर शाम सीने में दर्द होने की शिकायत के बाद उन्हें अशोकनगर मुख्यालय पर प्राइवेट नर्सिंग होम मे उपचार के लिए लाया गया था जहां डॉक्टरों ने प्रांरिभक जांच के बाच उन्हें मृत घोषित कर दिया। ग्रामीण राजद्वीप ने बताया कि ग्रंथी जगदीश सिंह सिक्ख उम्र 75 वर्ष लुधियाना के निवासी थे उन्हे एम्बुलेंस से शिवपुरी और शिवपुरी से दूसरी एम्बुलेंस से उन्हें लुधियाना उनके गृह ग्राम भेजा गया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम परासरी निवासी बैजनाथ यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गुंलदर यादव,कृष्णपाल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत कचनार निवासी बंटी जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिवशंकर भार्गव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भटोली निवासी शीलकुमार यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विजय यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी ।

### उपार्जन संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार जिले में समर्थन मूल्य पर उपार्जित किये गये गेहूँ का भण्डारण वेयरहाउस यथाशीघ्र कराया जाए। जिससे गेहूँ को सुरक्षित रखा जा सके। इस आशय के कलेक्टर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित उपार्जन संबंधी समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में कृषि, सहकारिता, नॉन,डीएमओ एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर द्वारा उपार्जित गेहूँ की मात्रा,परिवहन तथा भुगतान की स्थिति की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने चना,मसूर,सरसों के उपार्जन के संबंध में जानकारी लेकर निर्देशित किया कि खरीदी केन्द्र समय पर खुले तथा किसानों की उपज की तुलाई समय पर की जाए। उन्होंने जिले में खाद वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि कृषकों को डीएपी के साथ-साथ एनपीके खाद के प्रयोग के बारे में समझाईश दें। साथ ही एनपीके खाद के फायदे के बारे में कृषकों को जानकारी दें।

---

## आचनक मौसम ने बदली करवट, जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त

# तेज आंधी और हवा के कारण मोबाइल टावर गिरा, धूल के गुबार देखे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सोमवार को फिर मौसम ने करवट बदली देखते ही देखते मौसम धूल और आंधी में तब्दील हो गया। जिसके कारण कई दुकानों का सामान उड़ गया। कई घरो के साथ शादी-विवाह जहां आयोजन थे वहां भी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस आंधी और हवा के कारण शाढौरा क्षेत्र के विजयपुर गांव में एक मोबाईल टॉवर जमीन पर आ गिरा।

पिछले तीन दिनो से जिले में मौसम बदला हुआ है कब काली घटाएं आ जाएं कब तेज आंधी और हवा रोद्र रूप धारण करले कोई पता नही है। दोपहर 12:00 के बाद जिले का मौसम आंधी और हवा में तब्दील हो गया। कईं दुकानों का सामान उड़ गया तेज आंधी के कारण गांव-गांव में शादियां होने के कारण उनके विवाह के टेंट उड़ गये, कईं जगह पेड़ भी धरासायी हो गये। बिजली की आपूर्ति भी प्रभावित रही कईं घंटे बिजली बंद रही। शाढौरा क्षेत्र के विजयपुर गांव में बीएसएनएल का टॉवर उखरकर नीचे गिर गया। पलकाटोरी में एक विवाह के आयोजन में आंधी और हवा ने कोहराम मचाया यहां शादी में लगाया गया टेंट उखरते हुए देखा गया।





**मुंगावली मंडी में बड़ा हादसा**

तेज आंधी से 150 फीट लंबा टीन सेट गिरा, लोगों ने पहले ही खाली कर दी थी। मुंगावली की पुरानी कृषि उपज मंडी में सोमवार दोपहर एक बड़ा हादसा हुआ। तेज आंधी के कारण मंडी का 150 फीट लंबा टीन सेट गिर गया। टीन सेट के चारों ओर लगे लोहे के एंगल टूट जाने से यह हादसा हुआ। उसी के ऊपर सीमेंट की चादर चढ़ी थी। घटना के समय वहां केवल एक ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी थी। इससे पहले वहां काफी लोग मौजूद थे। तेज आंधी शुरू होने पर लोगों ने सुरक्षित स्थान पर शरण ले ली थी। इसी दौरान वर्षों पुराना टीन सेट धराशायी हो गया।

टीन सेट के गिरने की आवाज से आसपास के लोग सहम गए। जब आंधी-तूफान और बारिश रुकी, तब लोगों को टीन सेट के गिरने का पता चला। स्थानीय लोगों के अनुसार, आमतौर पर इस टीन सेट के पास काफी लोग बैठे रहते थे। मौसम खराब होने के कारण लोगों के वहां से निकल जाने से कोई हताहत नहीं हुआ। सोमवार दोपहर को जिले में अचानक मौसम बदला और करीब आधे घंटे तक तेज आंधी चलती रही। मौसम की सतर्कता से बड़ी जान-माल की हानि टल गई।

---

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक ओयजित

# अधिकारियों को ई. आफिस प्रणाली का बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शासन के निर्देशानुसार ई-आफिस प्रणाली का क्रियान्वयन विभागीय अधिकारी बेहतर ढंग से करें। साथ ही सी.एम.हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान जिला अधिकारियों को दिए।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर मुकेश कुमार शर्मा, संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन, आर.बी.सिण्डोस्कर, एवं जिला अधिकारी तथा गूगल मीट से जुड़े अधिकारी शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का जनहित में क्रियान्वयन किया जा रहा है। सभी विभागों की प्राथमिकता है कि अंतिम व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुँचे। उन्होंने निर्देश दिए कि विभागों द्वारा ई-आफिस के माध्यम से कार्य प्रारंभ किए जाएं।विभागों द्वारा ऑफलाइन फाइलें न भेजी जाएं। बैठक में सी.एम.डेशबोर्ड की रेकिंग तथा पोर्टल पर विषय संबंधित इंद्राज किए जाने की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रीय सांसद द्वारा चंदेरी, मुंगावली तथा अशोकनगर में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विभागवार समीक्षा कर निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में शासकीय जर्जर भवनों की सूची विभागों द्वारा तैयार की जाए। जिससे इन भवनों की मरम्मत तथा जीर्णोद्धार का कार्य कराया जा सके। उन्होंने मानव आधिकार आयोग से प्राप्त होने वाले पत्रों का उत्तर समय से भेजने के निर्देश दिये।

---

# 'चिकित्सालयों में सुरक्षा व स्वास्थ्य के प्रति अच्छा वातावरण बनाएं'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

चिकित्सालयों में सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति अच्छा वातावरण बनाये जाने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं के संबंध में पावर प्रेजेन्टेंशन के माध्यम से विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर का सूचकांक निर्धारित फार्मूले के तहत निकाला जाए। इस संबंध में डीपीएम द्वारा सही जानकारी प्रस्तुत न करने पर सात दिवस का वेतन काटे जाने के निर्देश दिए। बैठक में अनमोल पोर्टल पर दर्ज गर्भवती महिलाओं के रजिस्ट्रेशनकी ब्लॉकवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं को शासन द्वारा प्रदत्त सभी लाभ समय पर मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने महिलाओं एवं बच्चों में एनीमिया की रोकथाम हेतु सतत परीक्षण कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती माताओं एवं बच्चों का टीकाकरण कराये जाने के निर्देश सभी बीएमओं को दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि बीएमओं के माध्यम से संबंधित क्षेत्र के सीडीपीओं से समन्वय स्थापित कर धात्री माताओं एवं बच्चों का टीकाकरण शत प्रतिशत पूर्ण कराया जाए। बैठक में मलेरिया एवं डेंगू की रोकथाम हेतु कार्ययोजना तैयार किये जाने के निर्देश जिला मलेरिया अधिकारी को दिए।

---

### शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

**अशोकनगर।** शासकीय आई.टी.आई. मोहरी राय अशोकनगर में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी एमपी ऑनलाइन के मध्यप्रदेश के किसी भी कियोस्क से साईट के माध्यम से 31 मई 2025 तक आवेदन कर सकते है। जिसकी च्वॉटइस फिलिंग 10 मई से शुरू होगी। आईटीआई प्राचार्य अनिल सैनी ने बताया कि शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए डीएसडी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। प्रशिक्षणार्थी वर्तमान में शासकीय आईटीआई अशोकनगर में संचालित एनसीवीटी, एफिलिएटेड 06 व्यवसायों (ट्रेडो) इलेक्ट्रीशियन, फिटर , मेकेनिक मोटर व्हीकल, मेकेनिक डीजल, वेल्डर, कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट कोपा में, रिक्त कुल 200 सीटों पर प्रवेश ले सकते है । शासकीय आईटीआई मुंगावली में एससीवीटी एफिलिएटेड व्यवसाय (ट्रेड) इलेक्ट्रीशियन मे, रिक्त कुल 20 सीटों पर प्रवेश ले सकते है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अपनी 10 वीं की अंकसूची एवं आधारकार्ड के अनुसार ही करें।

---

दांत या छिंगली में दर्द भी हो सकता है अटैक का कारण: डॉक्टर्स

# आरोग्य भारती ने किया संगोष्ठी का आयोजन विशेषज्ञों ने बताए अटैक के कारण और बचाव






हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर में बीते कुछ समय से हार्ट अटैक के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। आए दिन कम उम्र के लोगों में अटैक के केस देखे जा रहे हैं। लगातार बढ़ते हृदय घात और इससे बचाव विषय को लेकर आरोग्य भारती और रेड क्रॉस सोसायटी ने पहल करते हुए एक संगोष्ठी का आयोजन किया।

स्थानीय सरस्वती स्कूल सभागार में हुई ऐतिहासिक संगोष्ठी में शहर के जाने माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. डीके जैन, डॉ. मनीष चैरसिया, डॉ. सुदीप जैन और डॉ.आरके राहुल आदि ने अटैक आने के कारण ओर उनसे बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संगोष्ठी के दौरान शहर के जाने माने हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ. डीके जैन ने बताया कि आज के दौर में सिर्फ सीने में दर्द या जकड़न ही अटैक के संकेत नहीं बल्कि दांतों या छिंगली में दर्द भी अटैक आने के संकेत हैं। उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा भी आएगा जब छोटे बच्चों में तक अटैक आने के केस सामने आने लगेंगे। वहीं डॉ. सुदीप जैन ने आज कल की दिनचर्या पर बोलते हुए कहा कि लोगों का खान पान और दिनचर्या अस्त व्यस्त है। रात के समय 7 या 8 बजे से पहले भोजन कर लेना चाहिए। और गलत जानकारियों से बचना चाहिए। वहीं डॉ. मनीष चैरसिया ने कहा कि दिनचर्या संतुलित ओर संयमित रहेगी तो काफी समस्याओं से बचा जा सकता है। साल में एक बार आवश्यक रूप से जांच कराना बेहद जरूरी है। साथ ही जंक फूड खाना भी बेहद नुकसान देह है। इसके अलावा डॉ. आर के राहुल ने बताया कि अटैक आने से पहले शरीर में अलग अलग तरह के संकेत देता है। इसलिए समय समय पर चेकअप और चिकित्सकों की सलाह लेना बेहद आवश्यक है। वहीं इस मौके पर चिकित्सकों ने हार्ट अटैक के दौरान प्राथमिक तौर पर दिए जाने वाले उपचारों और दवाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। वहीं चिकित्सकों ने बताया कि बारातों में डीजे की तेज साउंड में डांस करने से बचना भी बेहद जरूरी है। शरीर पर अधिक जोर देना और अनावश्यक खुद पर प्रयोग करने से भी बचें साथ ही अधूरी जानकारी भी समस्याओं को निमंत्रण देती है। संगोष्ठी में चिकित्सकों ने तमाम सवालों के जवाब देते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव देने के अलावा उपचार भी बताए। संगोष्ठी के अंत में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले मृतकों को श्रद्धाजलि स्वरूप दो मिनिट का मौन भी किया गया ।

कार्यक्रम का संचालन आरोग्य भारती के अध्यक्ष डॉ. जयमंडल सिंह यादव ने और स्वागत भाषण रेड क्रॉस के चेयरमैन डॉ. दीपक मिश्रा ने दिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. हरवीर रघुवंशी,डॉ. राजकुमार शर्मा, संजय श्रीवास्तव, अशोक लोधी आदि रहे मौजूद।

---

## एनपीके खाद के उपयोग व नरवाई न जलाने हेतु कृषकों को किया जागरूक



**अशोकनगर।** उप संचालक कृषि के.एस.कैन ने बताया कि विभिन्न ग्रामों में कृषकों को एनपीके खाद के उपयोग एवं नरवाई न जलाने हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को ग्राम रतभानपुर विकासखंड मुंगावली में कृषकों की चैपाल लगाई गई। किसान भाइयों को सलाह दी गई की डीएपी के स्थान पर एनपीके ग्रेड के उर्वरक जिसमें मुख्य रूप से 20:20,0:13, 12:32,16:,16, 16:16 ग्रेड के खादों का प्रयोग जरूर करें। एनपीके खाद में अतिरिक्त तत्व पोटाश एवं सल्फर मिलता है जो की अच्छे उत्पादन के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसके उपयोग करने से फसल का दाना अच्छा होता है, वजनदार होता है, उसकी चमक अच्छी होती है। फसल को कीट व्याधियों से बचाता है और उत्पादन में वृद्धि होती है। किसान भाई एनपीके ग्रेड के उर्वरकों का प्रयोग जरूर करें स साथ ही किसान भाइयों से नरवाई न जलाने के लिए अपील की गई एवं उससे होने वाली हानियां एवं जुर्माना के संबंध में विस्तार से किसानों को बताया गयास जिले में वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। जिसमें यूरिया 11985 मैट्रिक टन, एनपीके ग्रेड के उर्वरक 4998 मैट्रिक टन एवं एसएसपी 5887 मेट्रिक टन इस प्रकार से जिले में कुल 22870 मैट्रिक टन खाद उपलब्ध है। किसान भाई खाद का अग्रिम उठाव कर सकते हैं।

---

## स्टार्स प्रोजेक्ट अंतर्गत शिक्षकों के प्रशिक्षण का हुआ समापन

**राजपुर।** स्टार्स प्रोजेक्ट अंतर्गत संस्था प्रधान के पांच दिवस के प्रशिक्षण का समापन डाइट अशोकनगर में किया गया जिसमें सभी शिक्षकों को विद्यालय की नेतृत्व विकास की क्षमता के बारे में बताया गया। बीआरसीसी विनोद कुमार सिहारे ने सभी शिक्षकों को विद्यालय में नेतृत्व क्षमता आधारित कार्यक्रम का शासन की मंशा अनुरूप कराए जाने हेतु प्रेरित किया गया एवं विद्यालयों में अनुकूल वातावरण बनाते हुए साफ़ सफाई, वृक्षा रोपण एवं जल संबर्धन के बारे में भी समस्त शिक्षको को विस्तार पूर्वक समझाया गया। इस अवसर पर बीएसी जगमोहन सिंह यादव, बीएसी भगवत नामदेव, मास्टर ट्रेनर्स प्रसन्न जैन, अनूप जैन, राजपाल पंथी, कमल कुशवाह, महेश पंथी सहित अन्य सहयोगी शिक्षक उपस्थित रहे।



---

## गौवंश को लेकर पशुपालन विभाग गंभीर नहीं, हादसे का शिकार हो रहे हैं गौवंश

# 68 गौशालाओं के बाद भी गौवंश शहर की सड़कों पर रहने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए गौशालाओं का निर्माण जिले भर में किया जा रहा है। शासन की इस योजना के तहत जिले भर में 68 गौशालाओं का निर्माण अब तक किया गया है जिनमें पशुओं को रखा जा रहा है। जितने पशु गौशालाओं में रह रहे हैं उससे ज्यादा पशु जिले भर की सडकों पर बैठे नजर आते हैं। अगर गौशालाएं बनी हैं तो पशु सडकों पर क्यों हैं ये सवाल आमजनो के बीच बना हुआ है। इन हजारों पशुओं के सड़कों पर बैठे रहने के कारण आये दिन वाहन चालक भी वाहन निकालने के चक्कर में सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे है।

गायों को लेकर हर सरकार चिंता जताती है उनको सुरक्षा प्रदान करने की बात करती है लेकिन जो गाय सडकों पर दिखाई देती है वह यह बताने के लिए काफी हैं कि गायों को सुरक्षित करने की दिशा में कोई काम नहीं हो रहा है। गौशालाओं को लेकर जीव दया के अवतार आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने पूरे देश भर में गायों को बचाने की मुहिम शुरू की थी जिसमे सार्थक प्रयास भी सामने आये हैं।






हर जिले में कईं गौशाएं देखने मिल सकती हैं। उन गौशालाओं का निर्माण जैन समाज ने अपने स्तर पर किया है। इन गौशालाओं में हजारो पशु आज भी जीवन-यापन कर रहे हैं। अशोकनगर की दयोदय पशुशाला इसका जीवंत प्रमाण है।

शासन की योजना के अंतर्गत गायों को बचाने के लिए प्रत्येक पंचायत में एक गौशाला का निर्माण किया जाना है लेकिन जिला पशुचिकित्सा सेवाएं अशोकनगर के रिकार्ड के अनुसार जिले में 68 गौशालाएं ही संचालित हैं। प्रत्येक गौशाला में 100 गायों को रखने के प्रबंध किये गये हैं। इसके विपरीत जिले में कुल 115 गौशालाओं का निर्माण होना है जिनमे 68 चालू हैं और 35 शुरू होने की कगार पर हैं यह इसलिए शुरू नहीं हो पा रही है कि इनका पंजीयन ग्राम पंचायतो द्वारा गौसंर्वधन बोर्ड में नही कराया गया है।कई गौशालाओं में बोरवेलों से पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है,तो कही बिजली नहीं है तो कहीं गौशालाओं में चरनोई भूमि की समस्या भी देखी जा रही है। ऐसी कईं तकनीकी समस्याओं के चलते शेष गौशालाओं में ग्राम पंचायतों की रूचि नहीं देखी जा रही है। पशुपालन विभाग द्वारा प्रतिदिन गौसेवा एप पर गौशाला संचालकों द्वारा जानकारी शासन को भेजी जाती है इस जानकारी का सत्यापन भी पशुपालन विभाग के नोडल अधिकारीयों द्वारा किया जाता है। अधिकारियों के सत्यापन के बाद जिला पशुविभाग के अधिकारी इन गौशालाओं का सत्यापन करते हैं। पशुओं के स्वास्थ्य एवं उपचार के लिए संबंधित अस्पताल के जिला नोडल अधिकारी जिम्मेदार होते हैं वह अपनी गौशालाओं में रह रहे पशुओं के स्वास्थ्य का परीक्षण करते हैं।

गायों को उपचार के लिए शासन द्वारा चलित यूनिट जिले में 5 भेजी गई हैं जिनका हेल्पलाईन नम्बर 1962 है इस नम्बर पर कॉल करने के बाद वाहन बताए गये स्थान पर पशुओं का उपचार करने के लिए जाता है। इसमे पशु को केन्द्र तक लाने के लिए 150 रूपये पशुपालक से लिए जाते हैं। जिले में 8 गौशालाएं प्राइवेट हैं इनमें जैन समाज की दयोदय गौशाला में 1650 पशु रह रहे हैं। जबकि जिले की 68 गौशालाओं में शासकीय तौर पर 6800 पशु होना बताया गया है। जबकि कलेक्टेट रोड पर ही जहां से प्रशासनिक अधिकारी एवं पशुपालन अधिकारी प्रतिदिन अपने घर और आफिस जाते है। इन सडकों पर बेसहारा पशु बैठे रहते हैं इसके बावजूद में जिला प्रशासन द्वारा पशुओं को गौशालाओं में भेजने का कार्य नहीं किया जा रहा है। जबकि शासकीय गौशालाओं के लिए 10 रूपये प्रति गाय के मानदेय से गायों को पशुचारा के लिए प्रदान करती थी अब भाजपा सरकार ने यह मानदेय 20 रूपये प्रति पशु कर दिया गया है। शासन द्वारा मानदेय की राशि भी गौशालाओं को प्रदान कर दी है। उक्त कितनी गौशालाओं में बोरवेल बंद हैं,लाईन नहीं हैं और कितनी गौशालाओं में चरनोई भूमि होने के बाद भी गौशालाओं को भूमि उपलब्ध नही कराई गईं उक्त जानकारी पशुपालन विभाग में नही है। इससे प्रश्न उठता है कि जिले में जो गौशालाएं संचालित की जा रही हैं वो सब राम भरोसे चल रही है।

**निराकरण करेंगे**

जिले में 68 गौशालाएं हो रही हैं शेष गौशालाओं का रजिस्ट्रेसन होना है यह बात सही है कि कईं गौशालाओं में पानी की कमी है और कईं जगह बिजली कनेक्शन नहीं है इस समस्या का भी निराकरण किया जा रहा है।

**डॉ. प्रभात दंडोतिया,** पशु चिकित्सालय

सचिवों ने बनाए बहाने, नहीं कर पाए मंडी व्यापारी भी वसूली में कोई सहयोग, शासन को मिली निराशा

# कलेक्टर के किसानों से ऋण वसूली आदेश भी बेअसर ब्यावरा और सारंगपुर कृषि मंडी में वसूली शून्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा / सारंगपुर

मध्य प्रदेश शासन द्वारा गेहूं उपार्जन केंद्र के माध्यम से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की गई। समाचार लिखे जाने तक अभी भी कई किसान गेहूं की फसल बेचने से वंचित हैं। ऐसे में शासन ने सभी केंद्रों को निर्देश जारी किए की जिन किसानों ने स्लॉट बुक करा लिए हैं उनके टोकन जारी करें और टोकन समाप्ति तक उनके गेहूं खरीदे । वहीं जिले में कृषि उपज मंडियों के हालात यह है कि फसल तो वंपर आई परंतु सचिव और व्यापारी शासन के ऋण वसूली अभियान में कोई सहयोग नहीं कर पाए और कलेक्टर के द्वारा जारी किए गए आदेश भी बेअसर ही साबित हुए।

### इन केंद्रों पर हुई खरीदी

सारंगपुर तहसील अंतर्गत प्राथमिक कृषि सहकारी समिति चिडलावनिया में 28 हजार 909, पाटाडिया धाकड़ में 39471, धमांदा 28031 ,पाठक्या में 31858,मऊ में 46822, पडाना में 33347, संडावता में 38442, बालोडी, 34154, तलेनी 70474, विपणन संघ पचोर 37683,हराना में 27225,विपणन संघ सारंगपुर में 18026, पाडल्या माता 32475, गायत्री समूह ठिकरिया 32218, गौतम बुद्ध निहाल 27192, आसरेटा पंवार 39557,पाडल्या अंजना 31665, सुल्तानिया 27689,पानिया 23846,उदनखेड़ी 39325,तलेंन 37520, नहेली 34816, खजुरिया घाटा 22406, राम सहायता समूह भरेड 19686, इकलेरा तलेन 19834, लाडली बहना समूह दिग्वाड़ 11000,परसूखेड़ी 12720, इस तरह कुल सारंगपुर डिविजन अंतर्गत 817620 कोटल गेहूं की खरीदी समाचार लिखे जाने तक हुई हैं।

### 19 करोड़ 90 लाख बकाया है किसानों पर, समर्थन मूल्य से लगभग 9 करोड़ की ही वसूली

मध्य प्रदेश शासन द्वारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के माध्यम से जीरो प्रतिशत पर किसानों को केसीसी एवं खाद के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाता हैं उक्त वसूली के लिए शासन ने गेहूं उपार्जन केंद्र पर ऋणी किसानों की जानकारी उपलब्ध कराई गई। किसानों के खाते में गेहूं बिक्री की राशि जमा होते ही पोर्टल के माध्यम से संबंधित क्षेत्र के किसानों की वसूली होना थी। सूत्रों से पता चला कि खबर लिखे जाने तक लगभग 9 करोड़ रुपए की ही बसुली हो पाई हैं।

### मंडी व्यापारी नहीं कर पाए वसूली

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अंतर्गत आने वाली प्राथमिक कृषि सेवा समिति के अंतर्गत कालातीत किसानों की सूची बसूली हेतु कलेक्टर के निर्देश पर बैंक द्वारा कृषि उपज मंडी सारंगपुर के सचिव को कालातीत किसानों की सूची उपलब्ध कराई थी ताकि जो किसान समर्थन मूल्य पर गेहूं नहीं बेचते हैं और मंडी व्यापारी के यह अपना माल बेच रहे हैं ऐसे उन सभी किसानों की वसूली व्यापारी किसान के बिल से कर बैंक को जमा करे।लेकिन समाचार लिखे जाने तक मंडी व्यापारी के माध्यम से एक रुपए की बसूली भी नहीं हुई है।देखना यह हैं कि किसानों पर बकाया राशि कब और कैसे वसूल होगी।

### इनका कहना है...

वसूली के लिए सूची प्राप्त हुई थी जो हमने व्यायारियों को उपलब्ध करा दी गई थी।

राजेश खरे सचिव कृषि उपज मंडी सारंगपुर

### इनका कहना है...

अभी हाल ही मैंने ज्वाइन किया है मुझे ज्यादा जानकारी नहीं है। फिर भी अभी तक किसानों से कोई ऋण वसूली नहीं की गई है।

रामप्रसाद राज, मंडी सचिव ब्यावरा

टीएल बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

## डीपीएम का 15 दिवस का वेतन काटा, 4 अधिकारियों की वेतनवृद्धि रोकी



**राजगढ़।** स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधन विभाग, मोहनपुरा-कुण्डालिया परियोजना, सीएम हेल्प लाइन में हमेशा डी-ग्रेड में रहने से जिले की रैकिंग खराब हो रही है। ऐसे में सोमवार को कलेक्टोरेट सभागार में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों का वेतन काटने सहित वेतनवृद्धियां रोके जाने के निर्देष प्रदान किए। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य विभाग के डी-ग्रेड में आने एवं शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक जवाब न देने पर डीपीएम का 15 दिवस का वेतन काटने के निर्देश कलेक्टर ने प्रदान किए। इसके साथ ही कृषि विभाग, पीएचई विभाग, खाद्य विभाग को निर्देशित किया कि अपनी रैंकिंग सुधारें। बॉटम-5 वाले अधिकारियों में बीएमओ खुजनेर के विरूद्ध कार्यवाही हेतु लिखने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी ब्यावरा, सिविल सर्जन जिला अस्पताल, कनिष्ट आपूर्ति अधिकारी ब्यावरा की 1-1 वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए। विभिन्न विभागों की काफी समय से लंबित 7 शिकायतों पर प्रति शिकायत 1-1 हजार का जुर्माना अधिरोपित किया गया है।

### नरसिंहगढ़ तहसीलदार को नोटिस

पार्वती-सुठालिया परियोजना में मंदिर का मुआवजा पेंडिंग पाए जाने पर नरसिंहगढ़ तहसीलदार को नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर ने प्रदान किए। साथ ही तहसीलदार खिलचीपुर द्वारा खाद्य विभाग की शिकायतों का गंभीरता से निराकरण न करने पर शोकाज नोटिस जारी किया गया। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र अंतर्गत राशन दुकानों की ई-केवायसी की समीक्षा करे। साथ ही सुनिश्चित करें की शत-प्रतिशत ई-केवायसी हो।

## चलती बाइक पर मां की गोद से गिरी डेढ़ साल की बच्ची गंभीर घायल

### जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार उपरान्त भोपाल रेफर



**राजगढ़।** बाइक पर बैठी महिलाएं अक्सर अपने नन्हें बच्चों को गोद में लापरवाहीपूर्वक लेकर बैठती जिसके चलते कभी-कभी हादसे भी हो जाया करते हैं। एक ऐसे ही मामले में राजगढ़-ब्यावरा के बीच अपनी मां की गोद में बैठी डेढ़ साल की बच्ची बाइक से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना के बाद बालिका को उपचार के लिए राजगढ़ जिला अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार उपरान्त उसे भोपाल रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार मनोहरपुरा गांव निवासी मेहराज सौंधिया अपनी पत्नी और डेढ़ वर्षीय बालिका सुहाना के साथ बाइक से अपनी रिष्तेदारी में कहीं जा रहे थे। मेहराज बाइक चला रहे थे वहीं सुहाना अपनी मां की गोद में बैठी हुई थी। टोल नाके समीप अचानक सुहाना मां की गोद से सीधे हाईवे की सड़क पर जा गिरी। घटना के बाद मौके पर कई लोगों की भीड़ लग गई और बाद में बालिका को जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल में सुहाना के प्राथमिक उपचार उपरान्त उसकी गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सकों ने उसे भोपाल रेफर कर दिया।

### नपा ने दफनाया लावारिस शव

विगत दिनों पचोर के समीप हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल संतोष पिता सेवाराम नायक को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया था। यहां इलाज के दौरान संतोष की मौत हो गई थी। संतोष की मृत्यु के उपरान्त पुलिस ने जिले सहित आसपास के सभी थानों में मृत संतोष का फोटो भिजवाते हुए उसकी शिनाख्ती करवाई लेकिन चार दिनों तक शव को कोई लेने नहीं पहुंचा। ऐसे में सोमवार को नगर पालिका द्वारा शव को दफनाने की कार्रवाई की गई।

## नपा में मनाया अंतरराष्ट्रीय अग्निशमन दिवस, फायर कर्मचारियों का किया स्वागत



**सारंगपुर।** अंतरराष्ट्रीय अग्निशमन दिवस पर नपा कार्यालय में फायर कर्मचारियों का नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा, पार्षद कुलदीप राठौर, सुनील बागबान, भानु लववंशी की उपस्थिति में सांफा बाँधकार पुष्प माला से स्वागत किया गया। उपाध्यक्ष नीलेश वर्मा ने कहा की अग्निशमन वाहन पर काम करने वाले कर्मचारी भी देश के असली हीरो है जो दिन और रात अपनी सेवाएं अग्निशमन पर देते है फायर पर काम करने वाले पवन दावरे, बबलू,माजीद का स्वागत किया गया। कुलदीप राठौर ने कहा की जब हम घरों मे अपने व्यवसाय मे व्यस्त रहते है तव अग्निशमन कर्मचारी अपनी ड्यूटी कर लोगो को राहत पहुंचाते है, ये कर्मचारी हमारे सच्चे हीरो है जो अपनी जान की परवाह किये बिना अपनी सेवाएं अनवरत देते है इनका सम्मान करना हमारे लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर नपा कर्मचारियों मे दिलीप गोखले,इंजीनियर विक्की ब्राह्मने, समंदर लववंशी, प्रफुल जोशी,श्याम चौरसिया, पंकज सेन, विकास अहिरवार एवं अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।

31 मार्च को हो चुका है कंपनी का टेंडर खत्म

## बेरोजगारों को दिए फर्जी नियुक्ति पत्र, थाने में की शिकायत

### सिग्मा इन्फोटेक कंपनी के नाम से किया फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

बेरोजगार युवाओं को तरह-तरह के प्रलोभन देकर उन्हें ठगने के मामले जिले में नए नहीं है। ताजा मामले में सिग्मा इन्फोटेक कंपनी के नाम से एक युवक द्वारा बेरोजगारों युवकों को झांसे में लेकर उन्हें जिला अस्पताल में सपोर्टिंग स्टाफ के रूप में नौकरी देने के नियुक्ति पत्र जारी कर दिए। मामला तब उजागर हुआ जब कुछ युवक नियुक्ति पत्र लेकर सिविल सर्जन दफ्तर पहुंचे जहां मालूम हुआ कि विभाग ने ऐसे कोई पत्र जारी ही नहीं किए हैं।

### सीएस के फर्जी हस्ताक्षर से जारी किए नियुक्ति पत्र

सिग्मा इन्फोटेक कंपनी भोपाल के द्वारा कोतवाली राजगढ़ में की गई लिखित शिकायत के अनुसार कालाखेत निवासी भूपेंद्र संजोदिया नाम के युवक ने सिग्मा कंपनी के नाम का दुरुपयोग कर बेरोजगार युवाओं को नियुक्ति देने के नाम पर पैसे ऐंठ लिए। उधर, सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा भी इस बारे में पुलिस अधीक्षक को एक षिकायती पत्र भेजा गया है। इस पत्र में सिविल सर्जन के कूट रचित हस्ताक्षर करते हुए नियुक्ति आदेष दिए जाने का उल्लेख किया गया है। पत्र में यह भी उल्लेख है कि इन फर्जी नियुक्तियों का सिविल सर्जन कार्यालय से कोई संबंध नहीं है। बहरहाल, पूरे मामले में पुलिस की जांच जारी है।


SIGMA INFOTECH
L-5, THADDARAM COMPLEX, NEAR RESIDENCY HOTEL, ZONE-I, M.P. NAGAR, BHOPAL (M.P.)-462011
PH.: 0755-4905000, Email: sigma.infotech577@gmail.com

Ref.: SI/25-26/032. Date: 5/05/2025

प्रति,
श्रीमान थाना प्रभारी महोदय
कोतवाली जिलाः– राजगढ़ (म.प्र.)

विषयः– हमारी कम्पनी के नाम से फर्जी नियुक्ति पत्र देने एवं कर्मचारियों से नियुक्ति करने के नाम पर पैसे लेने संबंध में।

महोदय,
उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि भूपेन्द्र संजोदिया पिता राजेन्द्र संजोदिया निवासी कालाखेत जिला राजगढ़ द्वारा हमारी कम्पनी के नाम से फर्जी तरीके से नियुक्ति पत्र दिये गये है एवं कर्मचारियों से नियुक्ति देने के नाम पर पैसे लिये गये है जो कि इनके द्वारा किये गये फर्जीवाडा को दर्शाता है।
उक्त संबंध में महोदय जी से निवेदन है कि इनके खिलाफ एफ.आई.आर दर्ज करते हुए उचित कार्यवाही करने ने कृपा करे जिससे की इनके द्वारा भविष्य में इस प्रकार का फर्जीवाडा न किया जाये।
अतः महोदय जी हमारे द्वारा समस्त नियुक्ति पत्र इस पत्र के साथ संलग्न कर आपके समक्ष प्रस्तुत किये जा रहे है।

धन्यवाद

मेसर्स
सिग्मा इंफोटेक भोपाल

अचानक बादलों के आने से कभी हल्की बारिश हो रही तो कहीं से आंधी-तूफान

## एक घंटे तक चले आंधी-तूफान ने मचाया कहर, कई पेड़ गिरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

क्षेत्र के मौसम में लगातार परिवर्तन नजर आ रहे हैं। कुछ दिनों पूर्व 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचे अधिकतम तापमान में अब 5 से 6 डिग्री की गिरावट आ चुकी है वहीं तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान भी कहर बरपा रहे हैं। जिले में सोमवार दोपहर करीब 12 बजे मौसम ने अचानक करवट ली आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश शुरू हो गई।

कहीं हल्की-फुल्की तो कहीं तेज रफ्तार से हुई बारिश के चलते पूरे दिन मौसम खुशगवार नजर आया। हालांकि, आधी-तूफान के साथ हुई इस बारिश के चलते मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में कई जगहों पर पेड़ गिरने के समाचार हैं। स्थानीय गांधी चौक के समीप भी एक पेड़ गिरकर सीधे मेन रोड पर जा गिरा जिससे कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। हालांकि, बाद में स्थानीय लोगों एवं नगर पालिका के कर्मचारियों की मदद से टूटे हुए पेड़ को मेन रोड से हटाते हुए एक तरफ कर दिया गया।



### मौसम में रोजाना हो रहे बदलाव

उल्लेखनीय है कि जिले के मौसम में रोजाना कई बदलाव नजर आ रहे हैं। दिन के समय तेज धूप के बाद अचानक बादलों के आने से कभी हल्की बारिश हो रही है तो कहीं से तेज आंधी-तूफान के समाचार मिल रहे हैं। इस आंधी, तूफान के चलते लोगों को खासा नुकसान भी उठाना पड़ रहा है हालांकि, गनीमत से कहीं से भी जनहानि का समाचार नहीं है।

## भगवान परशुराम की जयंती पर धूमधाम से निकाली शोभायात्रा



**माचलपुर।** सनाढ्य ब्राह्मण समाज युवा समिति के तत्वावधान में नगर में रविवार शाम को आराध्य भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के महिला, पुरुष वा युवा चाठाकुंडी बालाजी मंदिर पर एकत्रित हुये जहा से भव्य शोभायात्रा बैंडबाजे के साथ प्रारंभ हुई जिसमे भगवान परशुराम की रथ पर आकर्षक ढंग से सजी चलित झांकी साथ चल रही थी साथ ही बैंडबाजे की धुन पर युवा आगे आगे थिरकते चल रहे थे। ये यात्रा नगर में जहा से भी होकर गुजरी लोगो ने अपने घर के सामने भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की साथ नगर भ्रमण के दौरान शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा भी की गई साथ शोभायात्रा में साथ चल रहे लोगों को जगह जगह जलपान करवाया गया। यात्रा बड़े बाजार,पुराने बस स्टेंड,पोलखेड़ा चैराहे होती हुई जब बस स्टेंड चैराहे पर पहुंची तो वहां पर स्थित शहीद कल्याण शर्मा की प्रतिमा पर समाज के वरिष्ठ रामगोपाल शर्मा सहित समाज के अन्य लोगों ने पुष्पमाला अर्पित कि, और मौजूद ब्राह्मण समाज के लोगों ने कल्याण शर्मा अमर रहे अमर रहे के नारे लगाए। इसके बाद शोभायात्रा आयोजन स्थल गोकुलधाम धर्मशाला पहुंची जहां पर भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर आरती की गई इस मौके पर समाज के आशीर्वाद दाता वरिष्ठ नागरिक रामगोपाल शर्मा, मोहनलाल शर्मा, रामप्रसाद शर्मा, रामनारायण पाराशर, बाबूलाल उपाध्याय, भगवान मिश्रा वा रमेश पाराशर का समाज के लोगों द्वारा श्रीफल पुष्पमाला से सम्मान कर आशीर्वाद लिया। इस मौके बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी सांस्कृतिक कार्यक्रम उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए वा मेधावी छात्र,छात्राओं को प्रशस्ति पत्र वा शिल्ड प्रदान कर पुरुस्कृत किया गया। तत्पश्चात सफल आयोजन के लिये युवा समिति का पुष्पवर्षा कर सम्मान कर सभी समाजजनों का सहभोज हुआ।

राज्यमंत्री ने धरती वंदना और पांच रंग के अनाज की प्राकृतिक पूजा अर्चना के साथ की कार्यक्रम की शुरुआत

# आदिवासी परंपरा अनुसार 'आकास' का 9वां वार्षिक अधिवेशन संपन्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

आदिवासी कर्मचारी अधिकारी संगठन (आकास) मध्य प्रदेश का 9 वां वार्षिक अधिवेशन दांगी कन्या छात्रावास ब्यावरा जिला राजगढ मुख्य अतिथि गौतम टेटवाल राज्यमंत्री तकनीकी एवं कौशल विकास विभाग मप्र शासन, जगन सिंह सोलंकी आईआरएस कमिश्नर इंकमटैक्स, डीएस डोडवे आईएफएस, पोरलाल खरते पूर्व राज्यकर अधिकारी के आतिथ्य मे संविधान पुस्तक पर पुष्प अर्पित एवं आदिवासी महापुरुषों के छायाचित्रों पर माल्यार्पण व दीपप्रज्वलन कर आदिवासी परंपरा अनुसार पलास के पत्ते की पत्तल दोनों में पांच रंग के अनाज के साथ प्राकृतिक पूजा अर्चना कर धरती वंदना के पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत की।कार्यक्रम के तत्पश्चात आकास संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष डीएस डोडवे सेवानिवृत्त डीएफओ, द्वारा स्वागत भाषण की प्रस्तावना रखी। प्रांतीय महासचिव अमरसिंह मोरे द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत के साथ ही आगामी कार्ययोजना पर बात रखी।

### आदिवासी कर्मचारियों अधिकारियों के हितों की रक्षा संगठन का मूल मंत्र

आकास संगठन का गठन 24 अप्रैल 2016 को आदिवासी कर्मचारियों अधिकारियों के हितों की रक्षा एवं समाज के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक एवं संवैधानिक अधिकारों आदि के प्रति जन जागरण तथा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी समाज के लोगों को देना व लाभ पहुंचाने में सहयोग करने के उद्देश्य से किया गया था। गठन से लेकर अभी तक आकास संगठन अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयासरत है।

### नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न

इस अधिवेशन में आकास संगठन की प्रांतीय नवीन कार्यकारिणी का चुनाव निर्वाचन अधिकारी प्रहलाद क्षेत्रे उप महाप्रबंधक, ऊर्जा विभाग एवं सह निर्वाचन प्रहलाद सिंह बारेला सहायक संचालक, कृषि द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रांतीय अध्यक्ष आप अमर सिंह मोरे महाप्रबंधक उद्योग विभाग, प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष के. एस. नेताम संयुक्त संचालक कृषि विभाग, प्रांतीय उपाध्यक्ष आर.एस. सिसोदिया संयुक्त संचालक कृषि विभाग, प्रांतीय उपाध्यक्ष राधेश्याम भिलाला व्यायाम निर्देशक शिक्षा, प्रांतीय महासचिव प्रशासन एस.एस. मरकाम कार्यपालन यंत्री आरईएस, प्रांतीय सचिव सत्येंद्र गोंड आई.आई.एम इंदौर प्रांतीय सचिव आर.सी. भगोरा योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी अधिकारी, प्रांतीय सचिव विनोद मर्सकोले शिक्षा विभाग, प्रांतीय सचिव राम खेलावन पटवारी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार भंवर मुख्य महाप्रबंधक एमपीआईडीसी प्रांतीय मीडिया प्रभारी सोहनलाल धुर्वे शिक्षा विभाग प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य जी.एल. मंडलोई पंजीयक, सुरेश वास्केल वन विभाग, हेमलता कटारा शिक्षा विभाग, रायसिंह भील सहकारिता विभाग, दशरथ भिलाला पटवारी निर्विरोध निर्वाचित हुए।

### प्रतिभाएं हुईं सम्मानित

मेधावी छात्र-छात्राओं, खेल प्रतिभा एमपीपीएससी पीईबी से चयनित अभ्यर्थियों, सेवानिवृत्त कर्मचारी अधिकारी, विभाग मे उत्कृष्ट कार्य करने बच्चों को सांस्कृतिक नृत्य, 8 वर्षीय हर्षित भिलाला को जयपाल सिह मुंडा जीवन परिचय पर अंग्रेजी में व्याख्यान, निःशुल्क फिजिकल ट्रेनिंग कोचिंग संचालित करने दीपक माल (रतलाम), निःशुल्क विवाह सम्पन्न कराने भुमका संघ के प्रांतीय अध्यक्ष रेवाराम आहके (नर्मदापुरम), नारायण प्रसाद नागर ब्यावरा एवं छिंदवाड़ा शहर मे आदिवासी भवन निर्माण हेतु 2 एकड जमीन दान देने के लिये फूलसिंह सल्लाम आदि को सामाजिक आदि क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने हेतु समाज की प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।